जई छपरा में महावीरी मेले की तैयारी तेज हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण शुरू

सिसवन (सीवान)। सिसवन प्रखंड के जई छपरा बाजार में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक महावीरी मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले के मुख्य आकर्षण भगवान हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण शुरू कर दिया गया है। कारीगर प्रतिमा को आकर्षक रूप देने में जुटे हुए हैं। आगामी 26 अक्टूबर, सोमवार को जई छपरा बाजार में महावीरी पूजा मेले का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर पूजा समिति के सदस्य बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। मेले को भव्य स्वरूप देने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यवस्था की जा रही है। महावीरी मेले को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ सुरक्षा और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि मेले को भव्य और यादगार बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन को लेकर बाजार और आसपास के क्षेत्रों में उत्सवी माहौल बनने लगा है।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में इंटर के छात्र अनूप की मौत, दो गंभीर

गोपालगंज। जिले के थावे थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के समीप शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में कोचिंग पढ़ने जा रहे इंटर के छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान थावे थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी शंभू शर्मा के पुत्र अनूप शर्मा के रूप में हुई है। वहीं, घायलों की पहचान हजियापुर गांव निवासी मुस्तफा अंसारी के पुत्र फिरोज आलम और उसके साथी तौकीर आलम के रूप में की गई है। कोचिंग जाने के दौरान हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, अनूप शर्मा रोज की तरह बाइक से गोपालगंज कोचिंग पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान केशवपुर सरकारी स्कूल के समीप गोपालगंज की ओर से थावे जा रही दूसरी बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। हालांकि, अनूप की जान नहीं बचाई जा सकी। दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था अनूप, अनूप अपने परिवार में दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। पढ़ाई के प्रति गंभीर अनूप रोजाना कोचिंग के लिए घर से निकलता था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सड़क हादसे ने उन सपनों को हमेशा के लिए छीन लिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। माता-पिता और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिजली तार चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

बरौली। बरौली पुलिस ने बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 11 केवी के बिजली तार के 15 बंडल, आधा बंडल खुला तार, एक पिकअप वाहन, एक बुलेट और एक अपाची मोटरसाइकिल के साथ पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। शनिवार की शाम बरौली थाना परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृपाल चंद्र जायसवाल ने बताया कि बरौली थाना क्षेत्र में जोकहा तटबंध से महोदीपुर पकड़िया तक बिजली तार चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सिधवलिया थाना क्षेत्र के सदौवा कोठी निवासी विनोद कुमार, हसनपुर मठिया निवासी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव और रामपुर निवासी रूपेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है।

अलमापुर में छापेमारी, अधिकांश घरों से मिले पटाखा बम के बोरे

बड़हरिया (सीवान)। अलमापुर विस्फोट कांड में जान गंवाने वालों की संख्या 5 रही है जिसमें 2 पुरुष,2, महिला, जिसमें एक 13 वर्षीय बच्ची है एवं एक बच्चा शामिल है घटना के बाद पुलिस ने छानबीन और पड़ताल तेज कर दी है पुलिस ने गांव में अवैध तरीके से घरों के भीतर रखे गए बारूद और बम बनाने के गैर कानूनी धंधे पर देर से ही सही लेकिन नकेल कसने का काम शुरू कर दिया है जो जरूरी भी है क्योंकि यदि पहले असुरक्षित और गैरकानूनी कारोबार पर कार्रवाई की गई होती तो पांच लोगों की जान, जिस प्रकार घटना में गई है उन पांच लोगों की जान शायद नहीं जाती, मगर इस घटना के बाद पुलिस की नींद भी खुल गई है लिहाजा घटना के दूसरे रोज दलबल के साथ पुलिस पदाधिकारीयों ने गांव में छापामारी की, इस क्रम में पुलिस ने अधिकांश घरों की तलाशी के क्रम में पटाखे एवं बम की बोरियां, जब्त की है जैसे ही पुलिस की छापामारी गांव में शुरू हुई, हड़कंप मच गया, एक के बाद एक पुलिस ने घरों की तलाशी शुरू कर दी कहीं, टूटे-फूटे कमरों से बम और पटाखे की बोरियां बरामद हुई तो कहीं इन बोरियों को घर से अलग रखा गया था जिस तरह प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई शुरू की है उसे प्रकार या उम्मीद रखी जा सकती है कि आने वाले दिनों में उपरोक्त गांव से असुरक्षित और खतरनाक काम जो गैर कानूनी तरीके से किया जा रहा था यह बंद हो जाए, ताकि जिस प्रकार की भयावह घटना घटित हुई है इसकी पुर्नवृत्ति ना हो।

गुठनी बाजार में छापेमारी कर पुलिस ने पटाखा सहित बनाने की सामग्री की बरामद

गुठनी(सिवान) जिले के जामो थानाक्षेत्र के आलमापुर गांव में पटाखा बम विस्फोट घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने गुठनी बाजार में छापेमारी कर काफी संख्या में निर्मित/अर्धनिर्मित पटाखा व उसके सामग्री को बरामद किया है तथा संबंधित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गुठनी बाजार निवासी स्व हातिम मियां के घर पर पटाखा बनाया जाता है तत्काल छापेमारी की जाएगी तो पटाखा व अन्य सामान पकड़ा जायेगा। गुप्त सूचना के सत्यापन के लिए सीओ डॉ विकास कुमार व एसआई रंजीत कुमार के साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में बाजार निवासी स्व हातिम मियां के पुत्र निजामुद्दीन, सबीर अली तथा जैनु को पकड़ कर घर की तलाशी ली गयी। घर की तालाशी के क्रम में घर के बरामदे से सात पलास्टिक के बोरे में बंधा पटाखा का पेपर से बना खोखा दो झोला में रखा निर्मित सुतरी से बंधा हुआ 110 पीस लाल रंग का पटाखा, सुतरी से निर्मित बंधा हुआ हरा रंग का 60 पीस पटाखा, पटाखा निर्माण कार्य हेतु पांच बण्डल सुतरी, कोइला का चूर्ण करीब 20 किलो बरामद किया गया। पूछने पर गिरफ्तार तीनों ने बताया कि हमलोग बाहर से पटाखा लाकर बेचते है। तीनों की गिरफ्तारी के बाद बाजार में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपित का घर बाजार के घना आबादी क्षेत्र व मुख्य बाजार में अवस्थित जहां पटाखा बनाने का काम चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार आलमापुर घटना के बाद जिला प्रशासन में बारूद के प्रति आयी शक्रियता का नतीजा है कि गुठनी मुख्य बाजार से पटाखा बनाने वालों का पर्दाफाश हो सका है।

सासामुसा में जेवर दुकान से 50 लाख के आभूषणों की चोरी

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा बाजार में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक जेवर दुकान से करीब 50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद चुरा लिए। चोरों ने दुकान के बगल में स्थित वर्कशॉप के अंदर से दीवार काटकर रास्ता बनाया और दुकान में घुसकर तिजोरी के ताले तोड़ दिए। शनिवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही कुचायकोट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएफएल की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पता चला कि चोरों ने दुकान के बगल में स्थित वर्कशॉप के अंदर से दीवार में सेंध लगाई थी। इसके बाद वे इसी रास्ते से दुकान में दाखिल हुए और तिजोरी के ताले तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, चोर करीब 400 ग्राम सोने के आभूषण, चार किलो चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है। सासामुसा बाजार के मुख्य पथ पर स्थित जेवर दुकान में हुई इस बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। व्यस्त बाजार में चोरों द्वारा दीवार काटकर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने से दुकानदारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। घटना के बाद पुलिस की रात्रि गश्ती और बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मारपीट में ससुर-पतोहू समेत तीन घायल, प्राथमिकी

कटेया। कटेया थाना क्षेत्र के सेमरिया टोला बरवा में मारपीट कर ससुर-पतोहू समेत तीन लोगों को घायल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में दो नामजद और पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में सुग्रीव शाह की पत्नी गीता देवी ने आरोप लगाया है कि 19 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे अग्रिम शाह, अर्चना देवी और पांच अज्ञात लोग लाठी-डंडे व लोहे की रॉड लेकर उनके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपित गाली-गलौज करते हुए उन्हें बाल पकड़कर घर से सड़क पर खींच ले गए और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उनकी बेटी पूनम गुप्ता और ससुर स्वामीनाथ साह उन्हें बचाने पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस दौरान उनकी बेटी के गले से सोने की चेन छीन लिया गया।

सोने की चेन व अंगूठी लेकर भागा तीन बाइक सवार

थावे। थावे थाना के समीप टोल टैक्स से आगे पुलिसकर्मी बताकर तीन बाइक सवार अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति से सोने की चेन और दो अंगूठियां ठग लीं। इस मामले में मीरगंज के सोनार टोली निवासी सुनील कुमार सोनी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित सुनील ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है की बीते 17 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे वह थावे थाना के निकट से गुजर रहे थे। इसी दौरान टोल प्लाजा के आगे दो बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी रोक ली और खुद को पुलिसकर्मी बताकर तलाशी लेने लगे। कुछ देर बाद एक अन्य बाइक सवार वहां पहुंचा और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें चेन व अंगूठी उतारकर रखने को कहा। इसके बाद तीनों ने मिलकर आभूषणों की अदला-बदली कर दी और फरार हो गए। कुछ दूर जाने के बाद जब अंगूठी पहनने के लिए निकाली, तो कागज में लिपटे आभूषण नकली निकले।

अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

कटेया। कटेया थाना क्षेत्र के पंचदेवरी स्थित एक अस्पताल के बाहर सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में भठवां निवासी राजकुमार राजभर के आवेदन पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार राजकुमार राजभर 22 अक्टूबर को शाम करीब 5~50 बजे अपनी मां का इलाज कराने के लिए बाइक से पंचदेवरी स्थित एक डॉक्टर के पास गए थे। अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी बाइक बाहर सड़क किनारे खड़ी कर दी और मां को डॉक्टर से दिखाने के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह अस्पताल से बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

सीवान में 4 नवंबर को लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला, 20 से अधिक कंपनियों के आने की संभावना

सीवान। जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 नवंबर 2026 को जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजनालय, सीवान के तत्वावधान में यह मेला शहर के महादेवा रोड स्थित वीएम हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस मेले में 20 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की संभावना है। इसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी, दोनों क्षेत्रों के योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। वित्त, बीमा, स्वास्थ्य, शिक्षा, विनिर्माण, खुदरा बिक्री, प्लाईवुड उद्योग और सामान वितरण सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां इसमें शामिल हो सकती हैं। मेले में रोजगार से संबंधित सरकारी विभागों की ओर से भी स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां युवाओं को प्रशिक्षण, स्वरोजगार और स्टार्टअप से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से अभ्यर्थी रोजगार के अवसरों के साथ कौशल विकास और स्वरोजगार की संभावनाओं से भी परिचित हो सकेंगे।

सफियाबाद गैस रिसाव अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मिली 24 लाख की राहत राशि

गोपालगंज। बैकुंठपुर प्रखंड के सफियाबाद गांव में गैस रिसाव के बाद लगी आग की घटना में मृतकों के आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से कुल 24 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है। शनिवार को जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने इस दुख की घड़ी में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि गत 13 अक्टूबर को सफियाबाद गांव में गैस रिसाव के बाद आग लगने से कई लोग झुलस गए थे। घटना के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई थी। प्रशासन की ओर से मृतकों के छह आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की दर से कुल 24 लाख रुपये की अनुग्रह राशि चेक के माध्यम से दी गई है। इसके अतिरिक्त, प्रभावित परिवारों को बीमा कंपनी के माध्यम से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के लिए भी आवश्यक पहल की जा रही है, ताकि उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। गैस रिसाव से आग लगने की घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 की संयुक्त समिति गठित की गई है। समिति घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। जिला प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

40 लीटर शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार की शाम श्यामपुर नौलखा पुल के पास एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 201 पीस देशी टेट्रा पैक शराब बरामद की गई। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हेमबरदहां गांव निवासी विनय बिहारी मिश्रा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम कुचायकोट पुलिस की टीम श्यामपुर नौलखा पुल के पास वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से प्लास्टिक के ड्रम में छुपा कर रखा 201 पीस टेट्रा पैक से (40.2 लीटर) देशी शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने शराब और बाइक को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले गई। पुलिस ने तस्कर से पूछताछ के बाद उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

औद्योगिक विकास की रफ्तार...

औद्योगिक गतिविधियों को गति देना है। गया जिले के डोभी प्रखंड में लगभग1,670 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी विकसित करने की योजना औद्योगिक विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य उद्योगों को एक ही क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

योजना के तहत औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने से निवेशकों को उद्योग स्थापित करनेमें सुविधा मिलनेकी उम्मीद है। इससे गया और आसपास के क्षेत्रोंमें औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ रोजगारके नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

कार्यक्रम में आगामी 'बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027'के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का भी शुभारंभ किए जाने की जानकारी दी गई। इस पहल के माध्यम से देश और विदेश के निवेशकों को बिहार में निवेश के अवसरों से परिचित कराने तथा बड़े औद्योगिक प्रस्तावों को आकर्षित करने की योजना है।

बिजनेस कनेक्ट जैसे आयोजनों के जरिए सरकार उद्योग जगत और प्रशासन के बीच संवाद बढ़ाने, निवेश संबंधी समस्याओं को समझने और औद्योगिक परियोजनाओंको आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। कार्यक्रम में आगामी 'बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027'के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का भी शुभारंभ किए जाने की जानकारी दी गई। इस पहल के माध्यम से देश और विदेश के निवेशकों को बिहार में निवेश के अवसरों से परिचित कराने तथा बड़े औद्योगिक प्रस्तावों को आकर्षित करने की योजना है।

राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के तहत स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और बिहार में विनिर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। उपलब्ध कराई गई जानकारीके अनुसार, निर्धारित मानकों पर खरे उतरने वाले स्थानीय उद्योगों के उत्पादों का 25प्रतिशत तक सरकारी खरीद में शामिल करने की घोषणा भी की गई थी।

इस पहल का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना, उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना और राज्य में औद्योगिक विकास को मजबूत करना है। हालांकि, इस प्रावधान की पात्रता, लागू शर्तों और कार्यान्वयन की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विस अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, बिजेंद्र यादव, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, मंत्री संतोष सुमन, विधायक ई कुमार सर्वजीत, ज्योति मांझी, मनोरमा देवी, बीरेन्द्र सिंह, अजय दांगी, रोमित कुमार, उपेंद्र प्रसाद, उदय सिंह, दीपा कुमारी, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विप चुनाव के वोटिंग का...

४८.५८, दरभंगा स्नातक में ५४.७३ तथा कोसी स्नातक क्षेत्र में ५३.४२ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं पटना शिक्षक क्षेत्र में ७४.७५ प्रतिशत, सारण शिक्षक क्षेत्र में ८९.०५ प्रतिशत, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में ८२.९९ प्रतिशत तथा दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में ८५.८७ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब २७ अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम आने की संभावना है।

कारवाई के डर से ग्रामीण...

भंडारण और बिक्री के खिलाफ दो दिवसीय विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी अंचलाधिकारियों और थानाध्यक्षों को सघन जांच कर अवैध कारोबारियों की पहचान करने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जांच के दौरान पटाखा कारोबारियों के लाइसेंस की भी पड़ताल की जा रही है। अलमापुर में बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद होने की सूचना ने मामले की गंभीरता बढ़ा दी है। अब जांच के दौरान यह पता लगाना महत्वपूर्ण होगा कि विस्फोटक सामग्री कहां रखी गई थी, इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था और इस अवैध कारोबार में किन लोगों की संलिप्तता है। पुलिस की जांच और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही मामले की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

जल निकायों की अनदेखी...

ने कहा कि जल निकाय पीने के पानी का स्रोत हैं। इसलिए वे बेहद मूल्यवान (कीमती) हैं। वे संविधान के तहत मिले जीवन के अधिकार के दायरे में आते हैं। पीठ ने कहा, यह अदालत केवल मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती और जल निकायों को असुरक्षित छोड़ने के परिणामों की अनदेखी नहीं कर सकती।

इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को अपने निर्देश फिर से याद दिलाए। कोर्ट ने कहा कि यदि जल निकायों की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच अभी तक नहीं की गई है, तो यह काम किया जाए। इसके बाद इस प्रक्रिया में अपनाए गए तरीके और कार्यप्रणाली का विवरण देते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल किया जाए। कोर्ट ने शुरुआत में कहा था कि ये हलफनामे अधिकतम चार सप्ताह के भीतर दाखिल किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा, वरिष्ठ वकील शेखर नाफड़े ने जोरदार तरीके से दलील दी है कि अधिकारियों की ओर से मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करना समय लेने वाला काम होगा। उन्होंने इसके लिए छह से नौ महीने का उचित समय देने की मांग की है।

पीठ ने कहा कि वह इस काम में लगने वाले व्यापक जमीनी प्रयासों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की जरूरत से अवगत है। पीठ ने कहा, फिर भी स्थिति को ध्यान में रखते हुए हम इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चार महीने का समय देना उचित समझते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियमों के प्रकाशित होने की तारीख से नौ साल बीत जाने के बाद भी जल निकायों की वास्तविक स्थिति की जांच और उनकी सीमाएं तय करने का काम पूरा नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट पक्षी प्रेमी आनंद आर्य, वकील एमके बालकृष्णन और गैर-सरकारी संगठन वनशक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

अनंत और उनकी पत्नी...

संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत अनंत कुमार सिंह की विधानसभा सदस्यता को भी अविलंब रद्द करने की औपचारिक संसिद्धि/अनुशंसित कार्रवाई की है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई की चपेट में केवल अनंत सिंह ही नहीं आए हैं, बल्कि उनके साथ ही पूर्व विधायक नीलम देवी की प्राथमिक सदस्यता को भी दलविरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण रद्द कर दिया गया है। उन्हें भी पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हाल ही में संपन्न हुए विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के दौरान अनंत सिंह ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर जन सुराज समर्थित उम्मीदवार का खुला समर्थन किया था और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया था। इसी बगावती तेवर और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते जेडीयू ने यह कड़ा कदम उठाया है, जिससे बिहार की सियासत में एक बार फिर बड़ा भूचाल आ गया है।

राहुल गांधी की रैली...

सवाल उठाया कि राहुल गांधी इसी तारीख पर रैली क्यों करना चाहते हैं और इसके जरिए लोगों को क्या संदेश देना चाहते हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सिख समुदाय की भावनाओं का सम्मान करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने करतारपुर साहिब कॉरिडोर और गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को सम्मान देने का उदाहरण दिया। प्रसाद ने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के उस बयान को भी याद किया, जिसमें उन्होंने कहा था, 84 की बात बार-बार क्यों उठाते हो जो हुआ, सो हुआ। इस बीच, दिल्ली के व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने भी राहुल गांधी को पत्र लिखकर रैली की तारीख बदलने की मांग की है। संगठन के चेयरमैन बृजेश गोयल ने आग्रह किया है कि रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर यानी भाई दूज के बाद कराई जाए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में सबसे ज्यादा खरीदारी होती है और ऐसे समय में रैली से कारोबार प्रभावित हो सकता है।

सीटीआई के मुताबिक, धनतेरस, दिवाली और भाई दूज दिल्ली के व्यापारियों के लिए बेहद अहम हैं। इस दौरान लोग सोना-चांदी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, मिठाइयां और दूसरे सामान की जमकर खरीदारी करते हैं। संगठन का अनुमान है कि अकेले धनतेरस पर दिल्ली में करीब 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। व्यापारियों को आशंका है कि रैली के कारण यातायात में बदलाव और रास्ते बंद होने से ग्राहकों को बाजार पहुंचने में परेशानी होगी, जिसका सीधा असर बिक्री पर पड़ सकता है।

जर्मनी के साथ बढ़ेगा...

और उसे बाजार तक पहुंचाएं। उन्होंने पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, बैटरी, लॉजिस्टिक्स और कृषि को सहयोग के अहम क्षेत्र बताया। बर्लिन दौरे के दौरान गोयल ने जर्मन कंपनियों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने जर्मनी के फ्रॉनहोफर संस्थानों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां करीब 22,000 वैज्ञानिक काम करते हैं और इनका बजट दो अरब यूरो से अधिक है। उन्होंने कहा कि शोध को प्रयोगशालाओं तक सीमित रखने के बजाय उसका इस्तेमाल उद्योगों और आम लोगों के फायदे के लिए किया जाना चाहिए।

गोयल के मुताबिक, जर्मनी में भारतीय मूल के करीब 3.3 लाख लोग रहते हैं। इसके अलावा वहां बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भी हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। भारत और जर्मनी की साझेदारी देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में भी मददगार हो सकती है। पीयूष गोयल 22 से 24 अक्टूबर तक जर्मनी और 24 से 27 अक्टूबर तक नीदरलैंड के दौरे पर हैं।

पीएम मोदी आज पहुंचेंगे...

कार्यक्रम में शामिल होंगे.इस कार्यक्रम की थीम विंग्स ओवर गंगा रखी गई है.

यहां वे दोपहर करीब 1 बजे नमो घाट पर एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026 देखेंगे. इस एरियल डिस्प्ले में तेजस, एलसीएच प्रचंड, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल लड़ाकू विमान शामिल होंगे. परिवहन विमानों के साथ भारतीय नौसेना और थलसेना के विमान भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. सूर्य किरण एरोबेटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी यहाँ प्रदर्शन करेंगी. वाराणसी से कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचेंगे. जहां वे शाम करीब 4~45 बजे भारतीय रिजर्व बैंक के नए डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का यह डेटा सेंटर 169 करोड़ रुपये में बनकर तैयार हुआ साथ ही यह डेटा सेंटर 18.55 एकड़ क्षेत्र में फैला है. प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे.

इस डेटा सेंटर में चार अत्याधुनिक डेटा सेंटर सुविधाएं होंगी. यहां भुगतान और निपटान से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रणालियों सहित अन्य प्रमुख डिजिटल सेवाओं को होस्ट किया जाएगा. संस्थान में क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. शाम करीब 6~30 बजे प्रधानमंत्री इस दौरे से रवाना हो जाएंगे.

पुलिस और जवानों के लिए...

, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , अग्निशमन सेवाएं, चिकित्सा सेवाएं और अन्य सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसियां आएंगी।

गृह मंत्रालय ने कहा है कि प्रस्तावित नेटवर्क का रेफरेंस आर्किटेक्चर तैयार करने के लिए जनता और संबंधित पक्षों की राय मांगी जा रही है। मंत्रालय अलग-अलग डिजाइन विकल्पों और संभावित तकनीकों का आकलन करना चाहता है। सुझावों में तकनीकों के फायदे और नुकसान, लागत की दक्षता तथा भारतीय परिस्थितियों में उनकी उपयुक्तता जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। मंत्रालय का उद्देश्य ऐसा नेटवर्क तैयार करना है, जो देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी जरूरतों को पूरा कर सके।

प्रस्तावित परियोजना के लिए गृह मंत्रालय ने 10 पायलट स्थान चुने हैं। इनमें अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्र शामिल हैं।

इन स्थानों का चयन परियोजना के शुरुआती परीक्षण और नेटवर्क की उपयोगिता को परखने के लिहाज से किया गया है। हालांकि, बयान में परीक्षण की विस्तृत समयसीमा नहीं बताई गई है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस परियोजना के लिए करीब 30 लाख हैंडसेट की जरूरत का अनुमान है। इन्हें कर्मियों की जिम्मेदारियों और कार्यस्थल की आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में बांटने की योजना है। मंत्रालय के अनुसार, फील्ड में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को कठिन परिस्थितियों में काम करने के अनुकूल बनाया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के लिए स्मार्टफोन श्रेणी के उपकरण और अन्य जरूरतों के लिए स्थिर या वाहन में लगाए जाने वाले उपकरण प्रस्तावित हैं। बॉडी-वॉर्न कैमरों यानी शरीर पर लगाए जाने वाले कैमरों की संख्या अभी तय नहीं की गई है। इस परियोजना के लिए गृह मंत्रालय को 814-824 मेगाहर्ट्ज और 859-869 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम का सैद्धांतिक आवंटन मिला है। ये फ्रीक्वेंसी सामान्य मोबाइल ब्रॉडबैंड के प्रचलित बैंड से अलग हैं। मंत्रालय ने इन फ्रीक्वेंसी पर काम करने वाले रेडियो उपकरणों और व्यावसायिक रूप से उपलब्ध डिवाइस की जानकारी भी मांगी है। इससे नेटवर्क के लिए जरूरी तकनीक की उपलब्धता और उसकी व्यावहारिक उपयोगिता का आकलन किया जा सकेगा। फिलहाल यह परियोजना नेटवर्क की संरचना, तकनीक और उपकरणों की जरूरत तय करने के चरण में है। आगे की प्रक्रिया में मिले सुझावों और तकनीकी आकलन की अहम भूमिका होगी।

एटीएस ने संदिग्ध...

उसके मोबाइल फोन से ऐसी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री भी मिली है। एजेंसी के मुताबिक, आरोपी एक टेलीग्राम ग्रुप चलाता था। आरोप है कि एक जून को उसने इस ग्रुप पर जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के भड़काऊ ऑडियो भाषण अपलोड किए थे, जिनमें बाबरी मस्जिद और अन्य मुद्दों का जिक्र था। एटीएस ने यह भी दावा किया कि वह इब्न-ए-कासिम नाम के एक पाकिस्तान-समर्थित कट्टरपंथी टेलीग्राम चैनल का सक्रिय सदस्य था। यह गिरफ्तारी उस घटना के कुछ महीनों बाद हुई है, जब जुलाई में गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान पांच लोगों को हिरासत में लिया था।

वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0
कार्य प्रमंडल, चम्पारण (मोतिहारी)
http://brpnnl.bihar.gov.in ई-मेल e-mail : spe-champaran@brpnn.co.in
Doc. No:-BRPNNL/ CHAMPARAN/1530

NIT-06/2026
(SHORT NOTICE INVITING FOR RFP)
(Only through e-tendering system on website www.eproc2.bihar.gov.in)

Invitation of Proposals for Collection of User fee through the Agency Selected on Competitive Bidding (e-Tender) basis for the following Project :

The Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Limited (BRPNNL) invites proposals from eligible agencies for collection of user fee (Toll) for the project mentioned below :

Sl. No.	Name of Work	Minimum threshold revenue for the 1st year (Rs. In Cr.)	Bid Security (Rs. in Lakh)	Cost of RFP (In Rs.) (Non Refundable)	Bid Processing Fee (In Rs.) (Non Refundable)
				Payment through online only.	
1	2	3	4	5	6
1	Collection of User Fee through the Agency Selected on Competitive Bidding (e -Tendering) for Near Gandak river bridge at Mangalpur -Vishnupur Panchayat of Gopalganj District in the State of Bihar	4.10	8.20	10,000/-	11800/-

Note :- Contract shall be for a period of 1 (one) year or until the fee plaza is handed over to other user fee collection agency (BOT/OMT/TOT/INVIT MILFF Contracts/Technology based Tolling contracts etc.) as per direction issued by BRPNNL, whichever is earlier.

Schedule:-

1	Downloading of Bid Documents	From 29/10/2026 (10:00 Hrs.) to 18/11/2026 (15:00 Hrs.) (www.eproc2.bihar.gov.in)
2	Pre-Bid Meeting	09.11.2026 at 15:00 Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL, 7, Sardar Patel Marg, Patna-800015)
3	Last Date/Time of submission/uploading of offer Bid	18.11.2026 at 15:00 Hrs.
4	Date & Time for opening of Technical Bid	18/11/2026 upto 15:30 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in)
5	Date, Time and Place of opening of Financial Bid	To be notified after Technical Bid Evaluation on website: (www.eproc2.bihar.gov.in)
6	Validity of Bid	180 days

❖ The Eligibility Criteria, detailed scope of work etc. can be download from website www.eproc2.bihar.govt.in & www.brpnnl.bihar.gov.in may kindly be referred.

Senior Project Engineer
Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Limited
Works Division, Champaran (Motihari)

PR- 014208 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिन्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२२
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।